*नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन

## व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण –प्रो. मनोज कुमार

राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन, विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण

वर्धा दि. 15 जनवरी 2016: विद्यार्थियों में व्यक्तित्व का विकास करने के लिए प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण




माध्यम होती हैं। प्रतियोगिताएं अभिव्यक्ति को निखारने का काम करती हैं। सामाजिक विकास के




लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आयोजित उपक्रमों में सहभागिता कर राष्ट्रीय विकास में

योगदान करने की अपील महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार ने की। वे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 12 जनवरी से 15 जनवरी के




दौरान आयोजित राष्ट्रीय युवा योजना सप्ताह के समापन पर अध्यक्षीय वक्तव्य दे रहे थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर इस सप्ताह के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया था जिसके तहत जनतंत्र में मतदाता की भूमिका विषय पर



वाद-विवाद तथा जनतंत्र में मतदाता का महत्व विषय पर स्लोगन लेखन तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं सम्पन्न की गयी। प्रो. मनोज कुमार द्वारा सभी प्रतियोगिताओं समता भवन स्थित पुस्तकालय में शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृपा शंकर चौबे, कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया पाठक मंचासीन थे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार रजनीश त्रिपाठी को, द्वितीय अमित मिश्रा को, तृतीय ऋषिता दीवान को तथा सांत्वना पुरस्कार रूपेश कुमार को प्रदान किया गया। स्लोगन लेखन का प्रथम पुरस्कार प्रिया माली को, द्वितीय सुधीर कुमार को, तृतीय रत्नसेन भारती को तथा सांत्वना पुरस्कार पदमा वर्मा को दिया गया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार ऋतु रानी को, द्वितीय पुरस्कार दीप्ति ओगरे को, तृतीय पुरस्कार विनय कुमार यादव को तथा सांत्वना पुरस्कार अमित कुमार को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया तथा आभार डॉ. सुप्रिया पाठक ने माना। इस अवसर पर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. मिथिलेश तिवारी, मैत्रेयी आदि सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता हेतु अश्विन कुमार श्रीवास ने सहयोग किया।

**हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन**

## व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतियोगिता महत्वपूर्ण –प्रो. मनोज कुमार

राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन, विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण

वर्धा दि. 15 जानेवारी 2016: विद्यार्थ्यांच्या सर्वांगिण विकासासाठी अभिव्यक्तीचे प्रभावी माध्यम म्हणून कला महत्वाचे काम करते. स्पर्धांमधून व्यक्तीमत्व उजळण्याला संधी मिळते. सामाजिक विकासासाठी राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या विविध उपक्रमात विद्यार्थ्यांनी आवर्जुन सहभागी झाले पाहिजे असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार यांनी केले. ते विश्वविद्यालयात राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने आयोजित राष्ट्रीय युवा योजने अंतर्गत आयोजित मतदार जागरूकता अभियानाच्या समारोप प्रसंगी अध्यक्ष म्हणून बोलत होते.

राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने स्वामी विवेकानंद यांच्या जयंती पासून हे अभियान राबविण्यात आले. या अंतर्गत जनतंत्र में मतदाता की भूमिका विषयावर वाद-विवाद स्पर्धा, जनतंत्र में मतदाता का महत्व विषयावर स्लोगन लेखन आणि पोस्टर तयार करण्याची स्पर्धा घेण्यात आली. प्रो. मनोज कुमार यांच्या हस्ते पुरस्काराचे वितरण समता भवनातील सभागृहात शुक्रवारी करण्यात आले. यावेळी विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष डॉ. कृपा शंकर चौबे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया पाठक मंचावर उपस्थित होते.

वाद-विवाद स्पर्धेचा प्रथम पुरस्कार रजनीश त्रिपाठी, द्वितीय अमित मिश्रा, तृतीय ऋषिता दीवान तर सांत्वना पुरस्कार रूपेश कुमार यांना देण्यात आला. स्लोगन लेखन स्पर्धेचा प्रथम पुरस्कार प्रिया माळी यांना, द्वितीय सुधीर कुमार, तृतीय रत्नसेन भारती यांना तर सांत्वना पुरस्कार पदमा वर्मा यांना देण्यात आला. पोस्टर निर्मिती स्पर्धेचा प्रथम पुरस्कार ऋतु रानी, द्वितीय दीप्ति ओगरे, तृतीय विनय कुमार यादव यांना तर सांत्वना पुरस्कार अमित कुमार यांना प्रदान करण्यात आला. यावेळी डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. मिथिलेश तिवारी, मैत्रेयी यांच्यासह विद्यार्थी मोठया संख्येने उपस्थित होते. कार्यक्रमाचे संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी केले तर आभार डॉ. सुप्रिया पाठक यांनी मानले. कार्यक्रमाच्या यशस्वीतेसाठी अश्विन कुमार श्रीवास यांनी सहकार्य केले.